# लगातार पकड़े जा रहे नशे के कारोबारी

## लंबी हो रही फेहरिस्त, नरसिंहपुर से 3 आरोपी स्मैक के साथ पकड़ाए

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 16 फरवरी, का. बीते दिनों राजस्थान पुलिस द्वारा भण्डा फोड़ने के बाद जिले में बड़े स्तर पर नशे के कारोबार का खुलासा हुआ है. माचलपुर में जिस तरह से ड्रग फैक्ट्री संचालित हो रही थी वह चौंकाने और चिंतित करने वाला है. वहीं अब लगातार प्रदेश और राजस्थान में जिले के स्मैक तस्कर सामने आ रहे है और पुलिस उनकी धरपकड़ कर रही है.**

कहीं ना कहीं जिले की साफ छवि के लिए अच्छे संकेत नहीं है लेकिन दूसरी तरफ अपराधियों का पकड़ा जाना इस बढ़ते कारोबार पर विराम लगाने का काम कर रहा है. नरसिंहगढ़ पुलिस ने जिले के 3 लोगों को स्मैक तस्करी करते हुए पकड़ा है. आरोपियों के पास से 6 लाख रुपए कीमत की स्मैक मिली है. पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की. एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखते ही खेतों की ओर भागने लगा, जिसे जवानों ने पीछा कर पकड़ लिया. पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम भगवान सिंह तंवर बताया.



### नशे पर पुलिस का प्रहार, अभी और खुलासे होंगे

पुलिस ने बकायदा ऑपरेशन चलाया है. पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी ने अलग-अलग टीमें बनाते हुए नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ तेज कर दी है. वहीं अन्य जिलों में भी अपराधी पकड़े जा रहे है इससे पूरे नेटवर्क को जल्द ध्वस्त करने में पुलिस को मदद मिलेगी.

### पुलिस की सख्ती में उगले साथियों के नाम

पुलिस ने जब भगवान सिंह से सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपने दो और साथियों के बारे में बताया जो कपूरी तिराहे के पास छिपे थे. पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाया और टट्टा पुल के पास से बनवारी तंवर और रामलाल तंवर को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी लेने पर बनवारी के पास से भी बड़ी मात्रा में स्मैक बरामद हुई. पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से कुल 62 ग्राम स्मैक जब्त की है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई जा रही है. तीनों आरोपी– भगवान सिंह, बनवारी और रामलाल–राजगढ़ जिले के खिलचीपुर के रहने वाले हैं.

## घोटाले की जांच करने टीम पहुंची अस्पताल

**आष्टा.** सरकारी दीमकों ने आयुष्मान योजना में ही 46 लाख रुपए से अधिक का बड़ा घोटाला कर डाला है और यह घोटाला सिविल अस्पताल में पदस्थ कर्मचारियों और डॉक्टरों ने ही अंजाम दिया है. सीहोर से लेकर भोपाल तक हड़कप मचने के बाद आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग भोपाल के महाप्रबंधक के निर्देश पर जांच टीम द्वारा पड़ताल की जा रही है. गौरतलब है कि वर्ष 17-18 से वर्ष 2023 तक आयुष्मान योजना के अंतर्गत सिविल अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ नर्सों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि इनसेंटिव को अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा और तत्कालीन लेखापाल एमएल वर्मा ने उक्त प्रोत्साहन राशि को अपनी पत्नी सहित अपने करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी थी.

# मूंग बनी भूसा, वेयर हाउसों से मूंग चोरी

नवभारत न्यूज

**इटारसी. मप्र वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन विभाग में अधिकारियों की मिली भगत से बेयर हाउस में मूंग की जगह मिटटी, मूंग की जगह भुसा, बेयर हाउस में रेत, मिटटी और कचरे का भंडारण करने में विभाग के अधिकारी अपने आपको जिले में भंडारण और रखरखाव तथा वजन के मामले में अब्बल मान रहे हैं.**

गत दिवस ग्राम माखननगर के एकलव्य बेयर हाउस के संचालक आरती तोमर ने माखनगर थाने में एक आ वेदन दिया गया है कि जिसमें बताया गया है कि हमारे बेयर हाउस से मूंग की चोरी हो गई है जिसकी जांच कर पुलिस कार्यवाही की जा वे. बताया जाता है कि एकलव्य बेयर हाउस में मूंग के स्टॉक होने के पूर्व ही बीच वाले स्टेक के अंदर भुसे की बोरियां रखकर मूंग का वजन बताया गया. इसी के बाद यह मामला धीरे धीरे चर्चा में आने लगा तो प्रबंधक के उपर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यवाही करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया.

वहीं दूसरी घटना ग्राम शोभापुर के शकुन्तला वेयर हाउस रेवा मुहारी गांव के पास स्थित है. इसमें भी बताया जाता है कि मूंग की चोरी पिछले दिनों हो गई है. लेकिन उसकी विभाग द्वारा और बेयर हाउस मालिक के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है.



### विभागीय अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

सूत्र बताते हैं कि यहां भी भारी मात्रा में मूंग चोरी होना बताया गया है. विभाग के अधिकारी इस ओर कोई कार्यवाही करने की सोच भी नहीं रहे हैं. सेमरी स्थित जगदम्बा बेयर हाउस में भी हमेशा की तरह इस बार भी मूंग की जगह मिटटी और रेत मिलाकर स्टॉक किया गया है. बताया जाता है कि अधिकारियों को इस मामले की जानकारी तो रहती है लेकिन वह सामने आने पर अपनी तरफ से वक्तव्य देते हैं कि हमारे पास कोई जानकारी नहीं है. जांच करके हम बताएंगे. जिले के सभी वेयर हाउसों की यदि सही तरीके से जांच की जाए तो एक भी वेयर हाउस में नियम के मुताबिक न तो वहां रखे खाद्यान्न की क्वालिटी मिलेगी और न ही उनका वजन.

# सिस्टम की सुस्ती ने छीनी शहर की 'संजीवनी'

नवभारत न्यूज

**गुना 16 फर. का। जिले में इन दिनों जनस्वास्थ्य से जुड़े दो बेहद संवेदनशील मामले चर्चा का विषय बने हुए हैं। एक तरफ जहां शहर के होटलों और बाजारों में खुलेआम बिक रही दूषित खाद्य सामग्री और सड़ी-गली सब्जियां लोगों को बीमार कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर गरीबों को उनके घर के पास स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए बनाई गई 'मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक' योजना खुद प्रशासनिक उपेक्षा की शिकार होकर दम तोड़ रही है।**

करोड़ों रुपये की लागत से बने आधुनिक भवन आज ताले में बंद हैं, जबकि शहर का गरीब तबका इलाज के लिए जिला अस्पताल की लंबी कतारों में धक्के खाने को मजबूर है। गुना शहर के मुख्य बाजारों से लेकर गलियों तक, होटलों और रेस्टोरेंट्स की स्थिति चिंताजनक है। नियमों को ताक पर रखकर संचालक काउंटर पर खुले में समोसे, कचौड़ी और जलेबी जैसे खाद्य पदार्थ बेच रहे हैं। धूल, धुएं और मक्खियों के बीच रखे ये पदार्थ सीधे तौर पर मौसमी बीमारियों को निमंत्रण दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इस बात से भली-भांति परिचित है कि दूषित खान-पान ही अधिकांश पेट संबंधी बीमारियों की जड़ है, इसके बावजूद धरातल पर कोई ठोस अंकुश नहीं लग पा रहा है।

> खाद्य सुरक्षा का संकट केवल होटलों तक सीमित नहीं है। शहर की सब्जी मंडियों में सड़ी-गली और घटिया गुणवत्ता वाली सब्जियां कम दाम का लालच देकर बेची जा रही हैं। मध्यम और निम्न वर्ग के लोग अनजाने में इन जहरीली सब्जियों का सेवन कर अपनी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब गर्मियों का सीजन शुरू होते ही 'पानी के खेल' का कारोबार भी चमक उठा है। शहर में कुकुरमुत्ते की तरह उगे निजी आरओ प्लांट बिना किसी मानक के पानी बेच रहे हैं। शासन के नियमानुसार, आरओ प्लांट संचालित करने से पहले सीएमएचओ कार्यालय के खाद्य एवं औषधि विभाग से ऑनलाइन पंजीयन और मौके पर जांच अनिवार्य है। लेकिन गुना में न तो संचालक इन नियमों का पालन कर रहे हैं और न ही विभाग उनकी निगरानी कर रहा है।

## विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 18 फरवरी को

**सिरोंज,** नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 फरवरी को सांदीपनि विद्यालय छात्रावास मैदान पर प्रात: 10 बजे से शुरू किया जावेगा. इस संबंध में जानकारी देते हुए केशव शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 25 वर्ष तक के ग्रामीण क्षेत्र बालक वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित होंगे. विकासखंड स्तर पर विजेता बालक वर्ग की टीम जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित होगी. जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार, तृतीय पुरस्कार 5 हजार 100 एवं सांत्वना पुरस्कार 1 हजार 100 प्रदान किया जावेगा.

# ढोल की थाप पर वसूली करने निकली नपा

## नगरपालिका ने एक बार फिर कर वसूली के लिए चलाया सघन अभियान

**सीहोर 16 फरवरी. आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही सीहोर नगरपालिका ने बकाया कर वसूली के लिए पारंपरिक ढोल का सहारा ले लिया है. लगभग 26 करोड़ रुपए के सम्पत्तिकर, जल कर और दुकानों के किराए की राशि बकाया होने के चलते नपा ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार से बकायादारों के घरों के बाहर ढोल बजाकर कर वसूली का अभियान छेड़ दिया है. पहले दिन आधा दर्जन बकायादारों के दरवाजों पर ढोल बजवाए.**

बताया जाता है कि इन दिनों नपा आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही है. ऐसे में नपा के सभी आवश्यक कार्यों पर विपरित असर पड़ रहा है, वहीं विकास कार्यों पर भी इसका प्रभाव देखने को मिल रहा है. नतीजतन अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए एक बार फिर नपा ने उन बकायादारों पर नकेल कसने का अभियान छेड़ दिया है जिनसे नपा को कई सालों का लाखों रुपए का कर लेना बकाया है.

नपा सूत्रों के अनुसार शहर में करीब 26 करोड़ रुपये की राशि अलग-अलग मदों में लंबित है. इतनी बड़ी रकम अटकी रहने से विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ रहा है.



## गांधी वोकेशनल कॉलेज बना रोजगार का केंद्र

**गुना।** विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर प्लेसमेंट के लिए निरंतर प्रयासरत गांधी वोकेशनल कॉलेज आगामी 18 फरवरी को एक बड़े रोजगार अवसर का साक्षी बनने जा रहा है। महाविद्यालय परिसर में देश की प्रतिष्ठित वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी बजाज कैपिटल द्वारा मार्केटिंग के विभिन्न पदों के लिए वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रबंधन ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह साक्षात्कार दोपहर 3:00 बजे से कॉलेज परिसर में शुरू होगा, जिसमें पुरुष एवं महिला दोनों श्रेणियों के अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण एवं स्नातक निर्धारित की गई है।

## एक नजर में



### प्रतिभागी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**राहतगढ़.** पीएम श्री हाईस्कूल खेजरामाफी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य दिनेश राय ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. सभी ने विद्यार्थियों के दिया गए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतियों की सराहना की. इस मौके पर प्राचार्य दिनेश राय, राघवेंद्र गौर, रवि जैन, आशीष रजक, रामप्रकाश प्रजापति, हरिओम तिवारी, गोलू लोधी मयंक राय, राजा विश्वकर्मा उपस्थित रहे.




### सफाई कर्मचारियों का सहयोग करते नपाध्यक्ष राठौर

सीहोर. सफाई कर्मचारियों के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले सफाई मजदूर संघ जिला अध्यक्ष रितेश चंदेल को भोपाल में सम्मानित किया गया. श्री चंदेल ने कहा कि नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर हमेशा सफाई कर्मचारियों का सहयोग करते हैं. नपा में अब सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति भी हो रही है. वेतन भी समय पर मिल रहा है और काम भी निश्चित कर दिए गए हैं. कार्यक्रम में भारतीय सफाई मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष हीरा रानवे, प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश टांक, सोनू डागर श्रवण कुमार वीरेंद्र धौलपुर अनूप चौधरी आदि ने श्री चंदेल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया.

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर परिसर का होगा कायाकल्प

**आठनेर।** नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर परिसर के सौंदर्यकरण कार्य की औपचारिक शुरुआत सोमवार 16 फरवरी को भूमि पूजन के साथ की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा विधायक निधि से पांच लाख रुपये की राशि इस कार्य के लिए स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि से परिसर में पेविंग ब्लॉक लगाए जाएंगे, बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा तथा बैठने के लिए कुर्सियों सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सौंदर्यकरण कार्य पूर्ण होने के बाद नगरवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

### विहिप ने चलाया धर्म रक्षा निधि अभियान

**सिरोंज,** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं धर्म रक्षा निधि अभियान चलाया. इस दौरान उन्होंने घर-घर, दुकान-दुकान जाकर समाजजनों से धर्म रक्षा निधि एकत्रित की. इस दौरान विहिप बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने लोगों को संगठन की नीतियों के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर विभाग, जिला एवं प्रखंड के विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान 24 फरवरी से

**सिरोंज,** श्री जिनोदय तीर्थक्षेत्र निसई जी पर श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन पूज्य मुनिश्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के सानिध्य में 24 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित किया जावेगा. जिसको लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है. समाजसेवी राकेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर 24 फरवरी को प्रात:काल घट यात्रा निकाली जावेगी. जो श्री 1008 पार्श्वनाथ जिनालय पचखनी जैन मंदिर सिरोंज से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए श्री जिनोदय तीर्थक्षेत्र निसई जी पर पहुंचेगी. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है.

# प्रेम प्रसंग में महाराष्ट्र के युवक की निर्मम हत्या

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 16 फरवरी. भैंसदेही क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की हत्या कर शव को खेत में दफना दिया गया। पुलिस ने इस मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए सोमवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को थाना भैंसदेही को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कोडिया में एक मोटरसाइकिल बिना चालक के खड़ी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो मोटरसाइकिल एमपी 48, एम 7850 विसराम साल्वे के घर के सामने खड़ी मिली। विसराम साल्वे घर पर नहीं मिला। उसकी पत्नी सोनाय साल्वे से पूछताछ की गई, जिसने बताया कि उसका पति बाहर गया है तथा पुत्री सुमित्रा सातनेर चली गई है। मोटरसाइकिल चालक के संबंध में वह स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी एवं बार-बार बयान बदलती रही, जिससे संदेह गहराया। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो सोनाय साल्वे ने स्वीकार किया कि मोटरसाइकिल चालक शिवम धुर्वे (निवासी महाराष्ट्र) उसकी पुत्री सुमित्रा से मिलने आया था। जहां कहासुनी होन पर उसकी हत्या कर दी और शव खेत में दफना दिया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस पुराने खेत की ओर पहुंची। हिकमत अमली से पूछताछ में सोनाय साल्वे ने स्वीकार किया कि मोटरसाइकिल चालक शिवम धुर्वे उसकी पुत्री सुमित्रा से मिलने आया था।



> एसडीएम भैंसदेही को सूचना देकर वैधानिक प्रक्रिया के तहत तहसीलदार एवं नगर परिषद टीम की उपस्थिति में उत्खनन कराया गया। वीडियोग्राफी के साथ कार्यवाही करते हुए लगभग 25-30 वर्षीय पुरुष का शव बरामद किया गया। शव को पीएम के लिए सीएचसी भैंसदेही की मर्चुरी में सुरक्षित रखा गया। 15 फरवरी को शासन तर्फे उपनिरीक्षक रामप्रकाश कीर की रिपोर्ट पर थाना भैंसदेही में धारा 103(2), 326(बी), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।



# अवैध गतिविधियों का कारोबार जोरों पर

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, नगर में सट्टे का कारोबार भी धड़ल्ले से चल रहा है.खुलेआम सट्टे की पर्ची ली जाती है.दुकानों पर बैठकर इसके साथ गांजा अफीम देसी विदेशी शराब भी खूब बिक रही है. रातों में नगर के चारों तरफ कॉलोनी, बेतवा नदी किनारे कृषि फार्म गुलो गुलजार होते हैं.पैसा फेंको तमाशा देखो जहां नशाखोरी होती है. वहां होटल से भोजन पहुंचता है सलाद नमकीन लेकर पहुंचते हैं. सेवादार जिस्मफरोशी भी होती है बाहर से युवतियां आती हैं रात भर रहती हैं सुबह अच्छी खासी रकम लेकर चलती बनती है.यह धंधा नगर में वर्षों से चल रहा है.पूंजीपतियों की औलादें रात्रि के समय हिंसक हो जाती है.लड़ने मारने तैयार रहते हैं नोट खर्च करते हैं सभी नतमस्तक हो जाते हैं.इस और भी ध्यान देने की जरूरत है इससे भी अपराधिक गतिविधियां बढ़ती हैं.**

बदमाशों की गतिविधियों पर अंकुश कैसे लगे पुलिस को बैठक आयोजित कर जनता से सुझाव लेना चाहिए.गंजबासौदा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बदमाशों की गतिविधियां बरकरार हैं.गिरफ्तारियां भी हो रही हैं पुलिस सक्रिय भी है. इसके बाद भी अपराधों में कमी नहीं आ रही है.

> ग्रामीण क्षेत्र के युवक गांव से आते हैं .पढ़ाई के नाम पर स्कूल कॉलेज जाते नहीं है .विद्यालयों की प्रचार हेड मास्टर शिक्षक भी नहीं चाहते कि वह यहां आकर विद्यालय का माहौल खराब करें इसलिए उनसे कुछ नहीं कहा जाता. खूब घूमो करो दादागिरी हमें बचने दो यह स्थिति बनी हुई है छुरा चाकू तमंचा जेब में रख कर घूमते हैं .अच्छे साधन संपन्न किसानों के बच्चे होने के नाते उन्हें भय भी नहीं रहता जमानत हो ही जाती है.

## ढाना हवाई पट्टी विस्तार को लेकर चर्चा

**सागर.** सागर लोकसभा क्षेत्र के विकास और नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू से मुलाकात कर सागर में एयरपोर्ट निर्माण को लेकर प्रदेश शासन द्वारा अब तक की गई कार्यवाही से मंत्री जी को अवगत कराते हुए कहा कि एयरपोर्ट के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है तथा उसकी उपलब्धता से जुड़ी प्रक्रियाएं भी शासन स्तर पर आगे बढ़ाई जा चुकी हैं. उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि सागर को हवाई मार्ग से जोड़ना क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में कदम साबित होगा.

# चंदेरी में विदेशी पर्यटकों की चहल-पहल

नवभारत न्यूज

**चंदेरी। मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक नगरी चंदेरी इन दिनों विदेशी पर्यटकों की चहल-पहल से जगमगा उठा है। विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना रहे इस प्राचीन नगर में हाल ही में मोआकाला के साथ कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अमेरिका से आए पर्यटकों के दल ने मध्यप्रदेश पर्यटन के गाइड कल्लेभाई के साथ चन्देरी का भ्रमण किया। जहां विदेशी अतिथियों ने चंदेरी की ऐतिहासिक धरोहर, स्थापत्य कला और प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन कर विशेष रुचि दिखाई।**



विदेशी पर्यटकों ने चंदेरी दुर्ग, प्राचीन मंदिरों, श्री चौबीसी जैन मंदिर (तीर्थों,) मस्जिदों, मकबरों तथा मध्यकालीन इमारतों, राजमहल, दिल्ली दरवाज़ा की बारीक नक्काशी को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने यहाँ के पारंपरिक चंदेरी वस्त्रों के साथ बुनकरों के पारंपरिक घरों को भी देखा और हस्तशिल्प का भी अवलोकन किया।

प्रदर्शन | राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को दिया ज्ञापन

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में अधिवक्ता संघ का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। शिवपुरी के करेरा में वरिष्ठ वकील की हत्या और टीकमगढ़ में वकीलों के साथ लगातार हो रही वारदातों के विरोध में यह कदम उठाया गया।**

अधिवक्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और एसपी को हटाने की मांग की। संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने बताया कि शिवपुरी के करेरा में सीनियर वकील संजय सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे प्रदेश के वकीलों में भारी गुस्सा है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में वकीलों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।ज्ञापन में टीकमगढ़ जिले में वकीलों के साथ हुई तीन बड़ी घटनाओं का जिक्र किया गया है। ब्रजकिशोर तिवारी और उनके परिवार पर जानलेवा हमला हुआ। वहीं, सुमित्रा राजपूत और उनके पति के साथ अस्पताल में 25-30 लोगों ने मारपीट की, लेकिन पुलिस ने वीडियो होने के बावजूद सिर्फ एक व्यक्ति पर केस दर्ज किया। इसके अलावा, भूपेंद्र बिरथरे के गैरेज में वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया, लेकिन पुलिस ने अब तक आरोपी को नहीं पकड़ा।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ ढुलमुल रवैया अपना रही है, जिससे उनके हौसले बढ़ रहे हैं। अधिवक्ता संघ ने साफ कहा है कि यदि इन मामलों में अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई और आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे अनिश्चितकाल के लिए पुलिस से जुड़े सभी कानूनी कामों का बहिष्कार कर देंगे।

उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि वकीलों की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तुरंत लागू किया जाए और टीकमगढ़ एसपी को पद से हटाया जाए।




### पुलिस से जुड़े कानूनी कार्यों का करेंगे बहिष्कार

अधिवक्ताओं का आरोप है कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ ढुलमुल रवैया अपना रही है, जिससे उनके हौसले बढ़ रहे हैं।अधिवक्ता संघ ने साफ कहा है कि यदि इन मामलों में अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई और आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे अनिश्चितकाल के लिए पुलिस से जुड़े सभी कानूनी कामों का बहिष्कार कर देंगे।

## किसान स्वयं लें जे फार्म सर्विसेस का लाभ

**टीकमगढ़।** जे फार्म ऐप के जरिए किसान अब अपने ट्रैक्टर व कृषि यंत्रों को किराए पर दे सकते हैं तथा कृषि यंत्रों को किराए पर बुक भी कर सकते हैं। जे फ ार्म सर्विसेस ऐप पर किसान स्वयं को सेवा प्रदाता, कृषक व एफ पीओ के रूप में रजिस्टर कर जे फ ार्म सर्विसेस का लाभ ले सकते है। जे फार्म सर्विसेस ऐप ठीक ओला, उबर की तरह कृषि यंत्रों को किराए पर देने व लेने की के लिए कार्य करता है। किसान जे फार्म सर्विसेस ऐप अपने मोबाइल पर प्ले स्टोर से जे फ ार्म सर्विसेज सर्च कर डाउनलोड कर सकते है तथा अपने मोबाइल नंबर से स्वयं को ऐप पर रजिस्टर कर सकते है।